# राम नाम जप ले एक यही संग जाई राम सुमिरले भाई

राम नाम जप ले,
एक यही संग जाई,
राम सुमिरले भाई।bd।

---

राम नाम जो मनुआ गाये,
जीवन में कोई दुख न आये,
जिनके हृदय राम समाया,
उनने जग का सब कुछ पाया,
पल पल छिन छिन,
सुमिरन करले भाई,
राम सुमिरले भाई।bd।

---

राम नाम की सारी माया,
राम नाम मे जगत समाया,
राम नाम है सबसे प्यारा,
राम नाम से जग उजियारा,
हरि बिन एक पल,
बीते ना तेरा भाई,
राम सुमिरले भाई।bd।

---

राम नाम का दीप जलाले,
कष्टों से छुटकारा पाले,
अंतर का अंधियारा भागे,
राम नाम की जब लौ जागे,
इस जीवन में,
राम ही एक सहाई,
राम सुमिरले भाई।bd।

---

राम नाम जप ले,
एक यही संग जाई,
राम सुमिरले भाई।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
**8839262340**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com